Geared for life

**BHARAT GEARS LIMITED**
Regd. Office & Works :
20 K.M. Mathura Road, P.O. Box 328
P.O. Amar Nagar, Faridabad - 121003 (Haryana) INDIA
Tel. : +91 (129) 4288888, Fax : +91 (129) 4288822-23
E-mail : info@bglindia.com
Corporate Identity Number : L29130HR1971PLC034365

**BGL/SEC/NSE/3/JANUARY 2018-2019**

**BGL/SEC/BSE/2/JANUARY 2018-2019**

**January 09, 2019**

**The Manager (Listing)**
**National Stock Exchange of India Ltd**
"Exchange Plaza", 5th Floor,
Plot No. C-1, G - Block,
Bandra Kurla Complex,
Bandra (E), Mumbai - 400051

**SYMBOL: BHARATGEAR**

**The Manager (Listing)**
**BSE Limited**
1st Floor, New Trading Ring,
Rotunda Building
PJ Towers, Dalal Street
Fort, Mumbai – 400001

**STOCKCODE: 505688**

**Sub: Published Notice for Loss of Share Certificate(s)**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to the Regulation 30 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), Regulations 2015 ("the Regulations"), please find enclosed herewith copy of the notice for loss of Share Certificate(s) published by the Company in the newspaper i.e. "Hari Bhoomi" (Hindi) on 09th January, 2019.

You are requested to take the same on your records.

Thanking you,

Yours faithfully,
For **Bharat Gears Limited**

**Kaushal Narula**
**Manager (Secretarial)**

BHARAT GEARS LIMITED * FARIDABAD *

**Encl: As above**

## खबर संक्षेप

### नयनतारा सहगल का आमंत्रण रद, भाषण में लिंचिंग का उल्लेख था

**मुंबई।** शिव सेना ने मंगलवार को दावा किया कि 92 वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के आयोजकों ने लेखिका नयनतारा सहगल का न्यौता रद्द कर दिया है क्योंकि उन्हें पता चला कि उनकी मंशा गाय से संबंधित हिंसा, भीड़ द्वारा पीट पीट कर मारने और सरकारी मशीनरी के दुरूपयोग के बारे में कार्यक्रम में बोलने की हैं। शिवसेना के मुख पत्र 'सामना' के संपादकीय में कहा गया है कि साहित्य सम्मेलन के आयोजकों ने लेखिका का आमंत्रण रद्द कर उनके आत्मसम्मान और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की हत्या की है।

### सरकार ने 20 आईपीएस अधिकारियों के स्थानांतरण और पदस्थापन किये

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने मंगलवार को भारतीय पुलिस सेवा के 20 अधिकारियों के स्थानांतरण और पदस्थापन के आदेश जारी किये। कार्मिक विभाग की ओर जारी आदेश में करौली, उदयपुर, चूरू, धौलपुर, अजमेर के पुलिस अधीक्षकों का तबादला किया गया है। आदेश के अनुसार राजीव कुमार दासोत को महानिदेशक पुलिस प्रशिक्षण जयपुर, मोहन लाल लाठर को महानिदेशक पुलिस प्रशासन कानून एवं व्यवस्था,कैलाश चंद्र विश्नोई को पुलिस अधीक्षक उदयपुर, प्रीति चंद्रा को पुलिस अधीक्षक करौली, अजय सिंह को पुलिस अधीक्षक धौलपुर, कुंवर राष्ट्रदीप पुलिस अधीक्षक अजमेर, यादराम फांसल को पुलिस अधीक्षक चूरू के पद पर तैनात किया गया है।

### श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के चार मछुआरों को गिरफ्तार किया

**रामेश्वरम (तमिलनाडु)।** श्रीलंकाई नौसेना ने मंगलवार सुबह तमिलनाडु के चार मछुआरों को नेदुंतीवु तट से कुछ दूर उसके जल-क्षेत्र में कथित तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। मत्स्य पालन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मत्स्य पालन विभाग के सहायक निदेशक कुमारेसन ने कहा कि पुदुकोट्टई जिले के कोट्टईपट्टिनम के रहने वाले ये मछुआरे कल रात समुद्र में गये थे और नेदुंतेवू से कुछ दूर मछली पकड़ रहे थे, जहां श्रीलंकाई नौसेना के कर्मी आये और उन्हें पकड़कर अपने देश के कराईनगर ले गये।

### जम्मू-कश्मीर में चार वर्षों में 838 आतंकी मारे गए

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को बताया कि जम्मू-कश्मीर में 2014 से 838 आतंकवादी ढेर कर दिए गए और इस दौरान 183 आम लोग भी मारे गए। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में गृह राज्य मंत्री हंसराज अहीर ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 2014 से 31 दिसंबर, 2018 के बीच जम्मू-कश्मीर में 1,213 आतंकी घटनाएं हुईं। अहीर ने कहा, ''इन घटनाओं में 183 आम लोगों की जान गई और 838 आतंकवादियों को ढेर किया गया।

## असम की परंपराओं, संस्कृति को संरक्षित करना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी: राजनाथ

# नागरिकता संशोधन विधेयक लोकसभा में हुआ पास

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आये धार्मिक अल्पसंख्यकों को भारत में नागरिकता देने के प्रावधान वाले विधेयक पर असम के कुछ वर्गों की आशंकाओं और धार्मिक आधार पर नागरिकता दिये जाने के आरोपों को निराधार बताते हुए गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि असम की जनता की परंपराओं, संस्कृति को संरक्षित करना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है और हम इसके लिए प्रतिबद्ध हैं। सिंह ने संसद की संयुक्त समिति द्वारा यथाप्रतिवेदित नागरिकता संशोधन विधेयक 2019 पर सदन में हुई चर्चा के जवाब में यह बात कही। उनके जवाब के बाद सदन ने ध्वनिमत से विधेयक को पारित कर दिया। कांग्रेस एवं तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया। यह विधेयक नागरिकता कानून 1955 में संशोधन के लिए लाया गया है। इस विधेयक के कानून बनने के बाद, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई धर्म के मानने वाले अल्पसंख्यक



समुदायों को 12 साल के बजाय छह साल भारत में गुजारने पर और बिना उचित दस्तावेजों के भी भारतीय नागरिकता मिल सकेगी। गृह मंत्री ने कहा कि नागरिकता विधेयक के संबंध में गलतफहमी पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है और असम के कुछ भागों में आशंकाएं पैदा करने की कोशिश हो रही हैं। सिंह ने कहा, ''इस विधेयक को लेकर तरह तरह की आशंकाएं, भ्रम पैदा करने की कोशिशें निर्मूल हैं, निराधार हैं। असम के लोगों की परंपराओं, संस्कृति को संरक्षित करना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है और हम इसके लिए प्रतिबद्ध हैं।''

### क्या है नागरिकता संशोधन बिल 2016?

भारत देश का नागरिक कौन है, इसकी परिभाषा के लिए साल 1955 में एक कानून बनाया गया जिसे 'नागरिकता अधिनियम 1955' नाम दिया गया। मोदी सरकार ने इसी कानून में संशोधन किया है जिसे 'नागरिकता संशोधन बिल 2016' नाम दिया गया है। संशोधन के बाद ये बिल देश में छह साल गुजारने वाले अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के छह धर्मों (हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और इसाई) के लोगों को बिना उचित दस्तावेज के भारतीय नागरिकता देने का रास्ता तैयार करेगा। लेकिन 'नागरिकता अधिनियम 1955' के मुताबिक, वैध दस्तावेज होने पर ही ऐसे लोगों को 12 साल के बाद भारत की नागरिकता मिल सकती थी।

### राज्यसभा में आज पेश होगा संविधान संशोधन विधेयक

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** संसद के शीतकालीन सत्र में मंगलवार को भी राज्यसभा की कार्यवाही हंगामे के कारण होम हो गई, लेकिन इसके विपरीत लोकसभा में अंतिम दिन जमकर हुए कामकाज के चलते पारित कराए गये कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर संसद की मुहर लगवाने के मकसद से राज्यसभा की बुधवार को भी बैठक होगी। ऐसी संभावना है कि गरीब सवर्णो को 10 फीसदी आरक्षण संबन्धी संविधान (संशोधन) विधेयक एवं नागरिकता(संशोधन) विधेयकों को बुधवार को होने वाली उच्च सदन की कार्यवाही के दौरान पेश किये जाएंगे। जिन्हें सरकार पारित कराने का प्रयास करेगी। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान 11 दिसंबर को शुरूआत से ही दोनों सदनों में विभिन्न मुद्दों को लेकर विपक्ष का हंगामा बरपता रहा है। राज्यसभा में मंगलवार को भी सीबीआई के कथित दुरूपयोग, राफेल पर जेपीसी के गठन की मांग जैसे विभिन्न मुद्दों पर सपा, बसपा, आप, कांग्रेस, टीएमसी और अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने लगातार हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही बार-बार 5 बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

### विपक्ष का आरोप :राज्यसभा की बैठक एक दिन के लिये सर्वानुमति से नहीं बढ़ाई गयी

नई दिल्ली। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने मंगलवार को राज्यसभा की बैठक एक दिन के लिये बढ़ाये जाने के निर्णय को सत्तापक्ष का एकपक्षीय फैसला बताते हुये इसका विरोध किया।


## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **जय प्रकाश दुबे, पुत्र** श्रीपाल दुबे, **निवासी:** म. नं. 17/99, गली नं. 3, थान सिंह नगर, आनन्द पर्वत, दिल्ली है, जो कि अपने घर से बिना बताये कहीं चला गया और अभी तक अपने घर पर वापिस नहीं आया और गुम हो गया है। जिसका ब्यौरा इस प्रकार है **उम्र:** करीब 23 वर्ष, **कद:** 5'6'', **रंग:** गेंहुआ, **चेहरा:** लम्बा, **शरीर:** दरिम्याना, जिसने मेहन्दी रंग की जर्सी व स्लेटी रंग का लोवर तथा प्लास्टिक की चप्पल पहनी है। इस संदर्भ में **डीडी नं. 87ए, दिनांक 17.12.2018 को थाना आनन्द पर्वत, दिल्ली में दर्ज है।**

हर संभव कोशिश के बाद भी इस व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
फोन नं.: 011-24368638, 24368641
DP/5967/CD/19

**थानाध्यक्ष**
**थाना आनन्द पर्वत, दिल्ली**
**फोन: 011-28762468, 28764806**



## हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड

ई-निविदा इंक्वायरी सं. 25/सीडब्ल्यूडी-2/वोल.-IX/2018-19 दिनांक 15.10.2018 के तहत शुद्धिपत्र सं. 05
ऑनलाइन बोली जमा करवाने की अन्तिम तिथि 15.01.2019 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है।
ड्राफ्ट एनआईटी और निविदा दस्तावेज वेबसाइट https://haryanaeprocurement.gov.in, https://www.hvpn.gov.in पर उपलब्ध है।

हस्ता/- अधिशासी अभियंता, सिविल वर्क्स डिवीजन
पीआरडीएच-1052/11/4226/1819/74683 दि. 08.01.19 एचवीपीएनएल, हिसार



## शुद्धिपत्र सं. 02

ई-निविदा इंक्वायरी सं. 17/टीएस/एफबीडी/2018-19 का शुद्धिपत्र सं. 02

**हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड**
शक्ति भवन, पंचकूला, CIN : U40101HR1997SGC033683

ऑनलाइन बोली जमा करवाने की अन्तिम तिथि 15.01.2019 को 13.00 बजे तक बढ़ा दी गई है और ये 15.01.2019 को 15.00 बजे खोली जाएंगी।
विस्तृत एनआईटी और निविदा दस्तावेज वेबसाइट https://haryanaeprocurement.org.in, https://www.hvpn.org.in पर उपलब्ध है।

हस्ता/- अधिशासी अभियंता/ टीएस डिवीजन, फरीदाबाद
पीआरडीएच-1052/11/4224/1819/74681 दि. 08.01.19



निविदा सूचना सं. 47/सीडब्ल्यूएफजी-25/वॉल्यू.-2/2018-19 दिनांक : 22.11.2018 हेतु शुद्धिपत्र सं.-III

**हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड**
शक्ति भवन, पंचकूला CIN : U40101HR1997SGC033683

66 केवी सब स्टेशन एनएच3 फरीदाबाद में 1 अदद टी/एफ प्लिंथ फाउंडेशन, ओडीएसजी फाउंडेशन, ओडीसीटी एवं सीसी रोड के निर्माण हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। (आर-4) (ऑनलाइन निविदा आईडी-106091)

| | |
|---|---|
| अनुमानित लागत लाख में/धरोहर राशि | 11.32/0.227 लाख |
| ऑनलाईन बोली जमा कराने की अंतिम तिथि | 11.01.2019 (11:00 बजे) |

विस्तृत एनआईटी तथा निविदा दस्तावेज वैबसाईट https://haryanaeprocurement.gov.in, https://www.hvpn.gov.in पर उपलब्ध है।

एक्सईएन/सिविल निर्माण मंडल, फरीदाबाद
कृते सीई/टीएस, एचवीपीएनएल, हिसार
पीआरडीएच-1052/11/4222/1819/74679 दि. 08.01.19


## आजीवन सरकारी बंगला मामला: सीएम नीतीश समेत सभी पूर्व मुख्यमंत्रियों को हाईकोर्ट का नोटिस

# बिहार: रद हो सकते हैं पूर्व सीएम के आवास आवंटन!

एजेंसी ⏭ पटना

- राज्य सरकार को मामले पर 4 हफ्ते में देना होगा जवाब
- मामले पर हाईकोर्ट में अगली सुनवाई 11 फरवरी को होगी



पूर्व मुख्यमंत्रियों को बिना शुल्क आजीवन सरकारी आवास देने के मामले में पटना हाईकोर्ट ने कड़ा ऐतराज जताया है।

कोर्ट ने इस संबंध में कार्रवाई करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत अन्य सभी पूर्व मुख्यमंत्रियों को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने नोटिस जारी कर पूछा है कि आखिर पूर्व मुख्यमंत्रियों को सुरक्षा मुहैया करायी जाये तो वे पटना में स्थित अपने निजी आवासों में क्यों नहीं रह सकते? मुख्य न्यायाधीश एपी शाही की खंडपीठ ने राज्य सरकार से इस मामले में 4 हफ्ते में जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने सोमवार को ही इस मामले में संज्ञान लिया था। अब चीफ जस्टिस एपी शाही की खंडपीठ ने मामले पर सुनवाई करते हुए यह बताने को कहा कि क्यों नहीं ये सारे आवंटन रद कर दिये जाएं? इस मामले को लेकर हाईकोर्ट में अगली सुनवाई 11 फरवरी को होगी। राज्य सरकार की तरफ से जवाबी हलफनामा सूबे के मुख्य सचिव के जरिये दायर करने का आदेश हाईकोर्ट ने दिया है।

### अदालत का मामले पर स्वत: संज्ञान

विदित हो कि पटना हाईकोर्ट ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्रियों को आजीवन मिले सरकारी आवास के मामले में सोमवार को स्वत: संज्ञान लिया था। बिहार सरकार ने एक व्यवस्था के अनुसार राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद, राबड़ी देवी, डॉ. जगन्नाथ मिश्र, जीतनराम मांझी व सतीश प्रसाद सिंह को आजीवन सरकारी आवास उपलब्ध कराया है।

### रक्षा मंत्री मेरे सवालों का जवाब नहीं दे रहीं: राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण राफेल विमान सौदे को लेकर 'झूठ पर झूठ' बोल रही हैं, लेकिन उनके सवालों का जवाब नहीं दे रही हैं। गांधी ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री ने एक भी राफेल विमान की आपूर्ति से पहले दसाल्ट को 20 हजार करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया, लेकिन एचएएल को 15,700 करोड़ रुपये का बकाया देने से इनकार कर दिया। इस कारण एचएएल को कर्मचारियों को वेतन देने के लिए 1,000 करोड़ रुपये का कर्ज लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि इस बीच, रक्षा मंत्री झूठ पर झूठ बोलती हैं लेकिन मेरे सवालों का जवाब नहीं दे सकतीं।

## 'नकल माफियाओं पर होगी रासुका के तहत कार्रवाई'

**लखनऊ।** यूपी में होने वाली बोर्ड की परीक्षाओं के मद्देनजर सरकार ने मंगलवार को कहा कि नकल माफियाओं के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की जाएगी। उप्र बोर्ड की परीक्षाएं सात फरवरी से आरंभ होगी और 16 दिन तक चलेंगी। उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने कहा कि बिना नकल के परीक्षा कराना हमारा संकल्प है, नकल से बच्चों का भविष्य बर्बाद होता है, जिसे हम किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। बोर्ड परीक्षाओं के दौरान नकल कराने वाले गिरोह के खिलाफ हम सख्त कार्रवाई करेंगे। जो लोग नकल कराने, उत्तर पुस्तिकायें बदलने व प्रश्नपत्र लीक कराने में शामिल होंगे हम उन पर रासुका के तहत कार्रवाई करने में नहीं हिचकेंगे। शर्मा के पास माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग भी है। जो परीक्षा केंद्र पूर्व में नकल करवाने के लिये बदनाम है उन पर कड़ी नजर रखी जायेगी। नकल पर रोक लगाकर उप्र सरकार का मकसद शिक्षा के स्तर को सुधारना है। प्रदेश की योगी सरकार परीक्षाओं में नकल रोकने के लिये अनेक उपाय कर रही है।



## गठबंधन के नतीजे एक-पक्षीय बहुमत के विपरीत परिणाम देते हैं: महबूबा



**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने केंद्र में भाजपा सरकार का हवाला देते हुए मंगलवार को कहा कि केंद्र में गठबंधन की सरकारें एकल-पार्टी की बहुमत वाली सरकार से बेहतर परिणाम देती हैं। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष, नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के नेता उमर अब्दुल्ला के उस बयान पर प्रतिक्रिया दे रही थीं, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लोगों से किसी एक पार्टी को स्पष्ट जनादेश देने की अपील की थी। महबूबा ने ट्वीट किया कि राज्य में नेशनल कांफ्रेंस को प्रचंड बहुत मिला था, विधानसभा में उसकी 60 सीटें थी। पार्टी ने पावर हाउस बेच दिये और इखवान, टास्क फोर्स और पोटा लेकर आयी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे पहले भी जब नेकां के पास पूर्ण बहुमत था तब अयोग्य राजनीतिक जनादेश ने राज्य की शक्तियां केंद्र को सौंप दी थी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में उनके पिता मुफ्ती मोहम्मद सईद की अगुवाई में गठबंधन सरकार ने उपलब्धियों की नयी उंचाइयों को छुआ। इस दौरान नियंत्रण रेखा के आगे की सड़कों को खोलना शामिल है। यह आजादी के बाद एकमात्र राजनीतिक उपलब्धि है।


**BHARAT GEARS LIMITED**
**Regd. Office & Works:** 20 K.M. Mathura Road, P.O. Amar Nagar, Faridabad-121003 (Haryana)
**Tel.:** +91 (129) 4288888
**Fax:** +91 (129) 4288822-23
**E-mail:** info@bglindia.com,
**Website:** www.bharatgears.com,
**CIN:** L29130HR1971PLC034365

**NOTICE**

Notice is hereby given that the Share Certificate no(s). 33602 - 33605 bearing distinctive no(s). 3464302 - 3464501 standing in the name of Jagmohan Lal Suri Jt: Dheeraj Suri have been reported lost/misplaced.

The Company shall proceed to issue duplicate share certificate(s), if no objection is received within 15 days from the date of publication of this notice.

For Bharat Gears Limited
Sd/-
Prashant Khattry
Head (Legal) & Company Secretary
Place: Faridabad
Date: 08.01.2019



## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



मोनिका

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक लड़की जिसका नाम **मोनिका, पुत्री** कमल सिंह, **पता:** सी–306, जे जे कॉलोनी, बक्करवाला, दिल्ली। उक्त लड़की दिनांक 30.11.2018 से पुलिस थाना मुंडका, दिल्ली के क्षेत्र से गुमशुदा/अपहृत है। इस संबंध में **डीडी नंबर 4–ए, दिनांक 01.12.2018, को पुलिस थाना मुंडका, दिल्ली** में दर्ज है।स्थानीय पुलिस द्वारा इस गुमशुदा/अपहृत लड़की की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। इस गुमशुदा/अपहृत लड़की का विवरण इस प्रकार है: **नाम:** मोनिका, **लिंग:** स्त्री, **उम्र:** 19 वर्ष, **कद:** 5'1'', **रंग:** गोरा, **चेहरा:** अंडाकार, **पहनावा:** काले रंग की टी–शर्ट, नीले रंग की जीन्स और पैरो में भूरे रंग के सैंडल पहने है।

इस गुमशुदा/अपहृत लड़की के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया थाना प्रभारी मुंडका, दिल्ली को सूचित करे।

DP/1739/OD/18

**थानाध्यक्ष**
**पुलिस थाना, मुंडका, दिल्ली**
**फोन नं. 08586932309**


## हरियाणा सरकार

## TENDER NOTICE

| SR. No. | NAME OF BOARD/CORP./AUTH | NAME OF WORK NOTICE TENDER | OPENING DATE CLOSING DATE (TIME) | AMOUNT / EMD (APPROX.) IN RUPEES | WEBSITE OF THE BOARD CORP./AUTH | NODAL OFFICER/CONTACT DETAILS/EMAIL |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MUNICIPAL COUNCIL BAHADURGARH | REPLACEMENT OF OLD CFL SODIUM LIGHT TO NEW LED LIGHT IN WARD NO.18 + 5 OTHER WORKS | CLOSING 17.01.2019 | 78.74 LACS | etenders.hry.nic.in Tender No: 829 to 834 | 9466279801 mcbgarh@gmail.com |
| 2 | MUNICIPAL COMMITTEE KALAYAT | CONST. OF STREET MAIN ROAD TO ARVIND IN WARD NO.01 + 10 OTHER WORKS | 07.01.2019 12.01.2019 | 34.82 LACS | https://www.haryanaeprocurement.gov.in | Secretary Municipal committee |
| 3 | MUNICIPAL CORPORATION GURUGRAM | CONSTRUCTION/RENOVATION AT COMMUNITY CENTRE,OLD GWAL PAHARI,GURUGRAM + 1 OTHER WORK | 03.01.2019 17.01.2019 | 97.03 LACS | https://mcgurgaon.haryanaeprocurement.gov.in Tender No: 110163, 110167 | ee5@mcg.gov.in |
| 4 | UHBVN | CONST. 08 NO. NEW 33 KV S/STNS I.E THARI IN PLACE OF FAFRANA JUNDIA, NDRI KARNAL, MEDICAL UNIVERSITY KARNAL,SEZ FOOD PARK | 04.01.2019 31.01.2019 | 10 LACS | www.uhbvn.org.in NIT-226/P&D/2019(B-570) | 0172-2570431 cgmpdcuhbvn@gmail.com |
| 5 | UHBVN | CONST. 07 NO. NEW 33 KV S/STN I.E BIBIPUR JATTAN, MUGAL MAJRA, GARHI BARAL, DHAKWALA,ALUPUR NAIN,ATTAWALA, SECTOR-25(PART-I) | 04.01.2019 29.01.2019 | 10 LACS | www.uhbvn.org.in NIT-227/P&D/2019(B-571) | 0172-2570431 cgmpdcuhbvn@gmail.com |
| 6 | UHBVN | CONST. OF 07 NO. NEW 33 KV SUB STATIONS I.E GARH SARNAI, PARDHANA,BARSAT ROAD, RAJA KHERI (MOHALI), LAKHUA BUANA | 04.01.2019 29.01.2019 | 10 LACS | www.uhbvn.org.in NIT-228/P&D/2019(B-572) | 0172-2570431 cgmpdcuhbvn@gmail.com |
| 7 | UHBVN | CONST. OF 07 NO. 33 KV S/STN.PABSAR, RASINA(REVIVAL),GONDER,GHARI JATTAN,COLLEGE ROAD ASSANDH, MALIKPUR | 04.01.2019 31.01.2019 | 10 LACS | www.uhbvn.org.in NIT-229/P&D/2019(B-573) | 0172-2570431 cgmpdcuhbvn@gmail.com |
| 8 | HARYANA TOURISM CORPORATION LTD | RE-TENDER FOR 33RD SURAJKUND INTERNATIONAL CRAFTS MELA FOR PLANNING & PUBLICITY CAMPAIGN IN METRO NCR INNER PANNEL + 1 OTHER WORK | 08.01.2019 14.01.2019 | EMD-0.20 LACS | haryanatourism.gov.in Tender No: HTC-2019/SKMA/Agencies | 9216400446 haryanatourism@gmail.com |
| 9 | HARYANA SCHOOL SHIKSKA PARIYOJNA PARISHAD | CONSTRUCTION OF GOVT.SENIOR SECONDARY SCHOOL AT BARAHI,DISTRICT JHAJJAR + 20 OTHER WORKS | 09.01.2019 30.01.2019 | 2008.00 LACS | www.hsspp.in Tender No: 233 to 253/CIVIL/HSSPP/2018 | civilbranchssa@gmail.com |
| 10 | HARYANA SEEDS DEVELOPMENT CORPORATION LTD | SUPPLY OF SEED TREATMENT DRUMS 20 KGS. CAPACITY | 08.01.2019 16.01.2019 | 278 LACS | haryanaseeds.org.in HSDC/Engg/2019/232-35, 08.01.2019 | 9417669911 hsdcl@hry.nic.in |
| 11 | HVPNL | PROVIDING AND LAYING OF FLOOR TILE WORK IN EXISTING CONTROL ROOM BUILDING AT 66 KV S/STN., BARWALA | CLOSING 14.01.2019 | 1.37 LACS | www.haryanaeprocurement.gov.in Tender No: 43/2018-19, 02.01.2019 | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 12 | HVPNL | PROVIDING ADDITIONAL 12.5/16 MVA, 66/11 KV T/F T-2 WITH BAY EQUIPMENT AT 66 KV S/STN, HVPNL LAKA | CLOSING 14.01.2019 | 5.86 LACS | www.haryanaeprocurement.gov.in Tender No: 44/2018-19, 02.01.2019 | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 13 | HVPNL | PROVIDING ADDITIONAL 12.5/16 MVA, 66/11 KV T/F T-2 WITH BAY EQUIPMENT AT 66 KV S/STN, HVPNL BERKHERI | CLOSING 10.01.2019 | 6.77 LACS | www.haryanaeprocurement.gov.in Tender No: 42/2018-19, 02.01.2019 | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 14 | HVPNL | PROCUREMENT OF 11KV & 33KV NCTS | 06.01.2019 20.02.2019 | EMD-46000 | www.hvpn.org.in Tender No: Qdo No 1163, Nit No 1017, 04.01.2019 | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 15 | HVPNL | REPAIRING AND SERVICE OF 3 PHASE ,DOUBLE BLOWER INDUSTRIAL ACS OF AC KIOSKS AND ONE 1 PHASE AC OF CONTROL ROOM,INSTALLED AT 220 KV S/STN. | 04.01.2019 16.01.2019 | 1.68 LACS | www.hvpn.org.in NIT NO: 16/TSYNR/2018-19, 110429 | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 16 | HVPNL | PLUGGING THE OIL SEEPAGE/LEAKAGE OF 12.5/16 MVA, 66/11 KV TECHNICAL ASSOCIATE LTD,MAKE T/F T-1 INSTALLED AT 66 KV S/STN. TALAKAUR | 04.01.2019 11.01.2019 | 1.65 LACS | www.hvpn.org.in NIT NO: 19/TSYNR/2018-19 | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 17 | REDCROSS SOCIETY BHIWANI | E-TENDER FOR ORTHOPEDICS IMPLANTS | 08.01.2019 22.01.2019 | 20,000 | bhiwani.gov.in Tender No: DC/Implant/02, 2019_HRY_73717 | 01664-243535 ircs.bhiwani@gmail.com |

**FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in** PRDH-11/1819/39304000/74696 Dt. 08.01.19


## रक्षा मंत्रालय ने दी जानकारी

# सशस्त्र सेनाओं में आत्महत्या के चलते गंवाए 334 जवान

हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय द्वारा सशस्त्र सेनाओं के अधिकारियों और जवानों को काम करने का बेहतर माहौल देने के लाख दावों के बाद भी इनके आत्महत्या करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसमें लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। रक्षा मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक बीते तीन वर्षों में थलसेना, वायुसेना और नौसेना में जवानों-अधिकारियों की आत्महत्या से जुड़े हुए कुल 334 मामले सामने आए हैं। इसके अलावा आपसी विवाद (स्वजनों की हत्या) से जुड़ी घटनाओं में 5 लोगों की जान जा चुकी है। इन 334 मामलों में सबसे ज्यादा आत्महत्या के 259 मामले सेना में बीते 36 महीनों में सामने आए हैं। इसके बाद वायुसेना में 56 और नौसेना में 19 जवानों और अधिकारियों ने आत्महत्या की है। मंत्रालय द्वारा ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। लेकिन धरातल पर उनका बहुत अधिक सकारात्मक प्रभाव पड़ता हुआ नजर नहीं आ रहा है और आत्महत्या




- बीते तीन सालों मे थलसेना में 259, वायुसेना में 56, नौसेना में सामने आए 19 मामले

जैसी घटनाएं लगातार दिखाई और सुनाई पड़ रही हैं। सरकारी प्रयासों में शादीशुदा लोगों के रहने के लिए आवास की व्यवस्था से लेकर भोजन, कपड़ा, भ्रमण, स्कूल की व्यवस्था, तनाव कम करने के लिए योगा-मेडीटेशन कराना, मनोचिकित्सकों से काउंसलिंग, तनाव घटाने के लिए सेना द्वारा उत्तरी, पूर्वी कमांड में मिलाप और सहयोग प्रोजेक्ट की शुरुआत करना, प्रोफेशनल काउंसलिंग देने के लिए सेना, वायुसेना ने मानसिक सहायता हेल्पलाइन स्थापित करना मुख्य है।